पत्रांक–.....9073...../ न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

जय प्रकाश मंडल
सरकार के विशेष सचिव

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

पटना, दिनांक 7 दिसम्बर, 2016.

विषय :– **नगर परिषद, सहरसा में विभाग द्वारा कार्यान्वित मुख्य मंत्री निश्चय योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन ।**

प्रसंग :– विभागीय आदेश ज्ञापांक 8840 दिनांक 28.11.2016 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 02.12.2016 को नगर परिषद, सहरसा का भ्रमण कर मुख्य मंत्री निश्चय योजना यथा "हर घर नल–जल योजना/शहरी नाली–गली पक्कीकरण योजना/ हर घर शौचालय निर्माण योजना" तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित HFA योजना की समीक्षा की गयी । इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन बिन्दुवार निम्नवत् है :–

1. हर घर नल–जल योजना :–

नगर परिषद, सहरसा में हर घर नल–जल योजना का कार्यान्वयन AMRUT योजना के तहत BRJP द्वारा किया जा रहा है । अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ।

2. शहरी गली–नाली पक्कीकरण योजना :–

इसके अन्तर्गत वार्ड सभा द्वारा योजनाओं का चयन कर उन्हें वेबसाईट पर अपलोड किया गया है । इनका प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है । इसके पश्चात् निविदा की कार्रवाई की जायेगी । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि शीघ्र प्राक्कलन तैयार कराकर निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि कार्य प्रारम्भ हो सके ।

3. हर घर शौचालय निर्माण योजना :–

इस योजना के तहत वर्ष 2015–16 में निर्धारित लक्ष्य 2683 के विरूद्ध 1096 लाभुकों को कार्यादेश निर्गत कर इन्हें प्रथम किस्त के रूप में 7500.00 रुपये का भुगतान किया गया है । इनमें से 122 का वेबसाईट पर फोटो भी अपलोड किया गया है । द्वितीय किस्त की राशि अभी तक किसी को नहीं दी गयी है । वर्ष 2016–17 में कुल लक्ष्य 6953 के विरूद्ध 3534 को कार्यादेश निर्गत किया

गया है । इनमें से 2374 को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है, परन्तु फोटो अपलोड अभी तक एक भी नहीं किया गया है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वेबसाईट पर फोटो अपलोड करायें तथा शीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

4. HFA योजना :–

इस योजना के तहत कुल स्वीकृत 1000 के विरूद्ध 966 लाभुकों की MIS इन्ट्री कर ली गयी है एवं आधार कार्ड से सम्बद्ध करते हुए बैंक में खाता खोला गया है । 861 लाभुकों की भूमि का सत्यापन करते हुए अभिलेख खोला गया है तथा इनके साथ एकरारनामा पूर्ण करते हुए कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है । इनमें से 425 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लक्ष्य के अनुसार कार्य को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

विश्वासभाजन

7-12-16

(जय प्रकाश मंडल)
सरकार के विशेष सचिव